बच्चों के लिए बाइबिल
प्रस्तुति



एलीशा, चमत्कारों वाला आदमी

लेखक: Edward Hughes
व्याख्याकार: Lazarus; Alastair Paterson
रूपान्तरकार: Ruth Klassen
अनुवाद: Suresh Kumar Masih
प्रस्तुतकर्त्ता: Bible for Children
www.M1914.org

BFC
PO Box 3
Winnipeg, MB R3C 2G1
Canada

©2021 Bible for Children, Inc.
अनुज्ञापत्र (लाइसेंस): आप इन कहानियों की छाया प्रति और मुद्रण करवा सकते हैं, बशर्ते कि बेचें नहीं।

हल को खींचने के लिए पर्याप्त बैल नहीं थे। एक और बैल की जरूरत थी। यह जरूरत एलीशा नामक एक युवक किसान को रोक न सकि ! वह लापता बैल कि जगह लिया और, बैलों के साथ स्वयं को मिला लिया। वह एक बहुत ही मजबूत, चालाक और कड़ी मेहनत से काम करने वाला आदमी था।

एलीशा जुताई कर रहा था तभी, परमेश्वर का भविष्यद्वक्ता एलिय्याह आकर उसे बुलाया। युवक, परमेश्वर का सेवक होने के लिए खेती बाड़ी छोड़ दिया। एक दिन, परमेश्वर ने एक बवंडर द्वारा एलिय्याह को स्वर्ग में उठा लिया। अब एलीशा इस्राएल के लिए परमेश्वर का भविष्यद्वक्ता था।

3



एलिय्याह के चले जाने के कारण एलीशा दुःखी था, पर वह परमेश्वर से प्रार्थना किया कि उसे भी एलिय्याह कि तरह शक्ति मिले। एलीशा ने एलिय्याह के चद्दर को उठाया, और एलिय्याह कि तरह नदीके बहते पानी को मारा। पानी विभाजित हो गया! अब एलीशा जान लिया की परमेश्वर उसके साथ है।

4



एलीशा बेतेल नामक एक शहर को जा रहा था, कुछ युवकों ने "ऊपर जाओ कहकर उसका मज़ाक उड़ाया। ओ गंजे!" एलीशा परमेश्वर का सेवक था, उसकी वे कोई परवाह नहीं किये। उनको एक चौंकाने वाली घटना घटित हुई। दो भालू, जंगल से बाहर आए और उन बयालीस युवकों को फाड़ खाया।

5

एक दिन एलीशा एक विधवा से मिला, जो कर्ज में पैसे ली थी पर उसे चुका नहीं सकती थी। कर्ज का पैसा वसूलने के बदले में कर्ज का देने वाला आदमी विधवा औरत के दो बेटों को अपने दास के रूप में ले जा रहा था। एलीशा ने कहा, "अपने सभी पड़ोसियों के पास जाओ और खाली बर्तनों को उधार में ले जाओ... खाली बर्तनो को।" उस औरत के लिए परमेश्वर कुछ अद्भुत करने जा रहा था।

6

विधवा के घर में तेल का केवल एक छोटा जार था। लेकिन उस छोटे से जार से उसने सभी जारों को तेल से भर दिया। यदि उन दिनों में नहाने का कठौती होता तो क्या आप नहीं सोचते हैं कि परमेश्वर उसे भी भर देता? विधवा ने उस तेल को बेच कर अपने बेटे को बचा लिया।



7

एक और दूसरी महिला और उसका पति, एलीशा के लिए अपने घर में एक विशेष कक्ष का निर्माण किये ताकि जब वह उधर से गुजरे वहां ठहर सके। कमरे में वे एक बिस्तर, एक मेज, एक कुर्सी, और एक दीवट लगवायें। वह कमरा हमेशा के लिए एलीशा के लिए आरक्षित किया गया था।

8

एलीशा इस जोड़ी कि दयालुता पर आश्चर्य करता और सोच रहा था कि कैसे उन्हें चुकाए। जब उसे मालूम हुआ कि उनकी कोई संतान नहीं थी, तब वह उस महिला से कुछ ऐसा कहा, कि शायद वह विश्वास कर सकने के लिए कठिन था। "अगले साल लगभग इसी समय में तुम अपने बेटे को गले लगाओगी।" बेशक सही समय पर, एक साल बाद, बच्चा पैदा हुआ।

9

कुछ साल बाद वही बच्चा अपने पिता के साथ खेत में था। "मेरा सिर, मेरा सिर कहके," लड़का चिल्लाया; जब उसकी मां के पास लड़के को लाया गया, वह दोपहर तक अपने घुटनों पर बैठा रहा, और उसके बाद उसका निधन हो गया। एलीशा के कमरे में बिस्तर पर माँ ने उस लड़के को रख दिया। कौन उसकि मदद किया होगा, आप क्या सोचते हैं?



10

क्या आप ने एलीशा का नाम बताया? हाँ यह सही है! उसकी माँ एक गदहा पर काठी बंधी और उसे खोजने के लिए फूर्ति से चली गयी। एलीशा उसके घर आया, अकेले ऊपर कमरे में चला गया और परमेश्वर से प्रार्थना किया। परमेश्वर ने लडके के जीवन को वापस दे दिया। एलीशा महिला को बुलाया और उसके बेटे को ले जाने को कहा।" "वह कितना खुश हुई होगी। "

11

सीरिया के पास के देश में एक नामान नाम का एक सेना का कमांडर रहता था। वह बहादुर और मजबूत था, लेकिन वह एक भयानक चर्म रोग, जिसे कुष्ठ रोग कहते हैं से पीड़ित था।



12

नामान कि पत्नी के पास इस्राएल से लाई हुई एक छोटी सी गुलाम लड़की थी। छोटी लड़की ने यह कहा, "यदि केवल मेरा प्रभु नामान, परमेश्वर के जन के पास जाये जो इस्राएल में रहता है तो वह उसके कुष्ठ रोग से ठीक हो जायेगा"।



13

नामान एक बार, नबी को देखने के लिए योजना बनाई। उसने तोहफे में चांदी, सोना, और सुंदर कपड़े साथ ले गया।



14



एलीशा का नौकर बाहर आया और कहा, "जाओ, यरदन नदी में सात बार डुबकी लगाओ और तुम स्वयं ही चंगे हो जाओगे।" नामान बहुत क्रोधित हुआ। क्या वह अपने ही देश, सीरिया में स्वच्छ, ताजा नदियों में नहीं नहा सकता था? गुस्से में आकर, वह अपने घर कि ओर जाने के लिए आगे बढ़ा।

15



सौभाग्य से नामान के सेवकों ने, एलीशा के आदेश का पालन करने के लिए निवेदन किया। तब नामान नीचे गया और यरदन में सात बार डुबकी लगाई। अब कोढ़ी नामान चंगा हो गया था! तब नामान, सत्य परमेश्वर की पूजा की, एलीशा का परमेश्वर, कुष्ठ रोग से चंगा किया है वही यहोवा परमेश्वर है।

16



एलीशा की मृत्यु के बाद भी परमेश्वर ने अपने दास का इस्तेमाल किया। एक दिन, एक आदमी को एक गुफा में दफनाया गया जहाँ एलीशा लंबे समय पहले दफनाया गया था। जब आदमी की लाश, नबी की हड्डियों को छुआ तब वह आदमी पुनर्जीवित हो गया और अपने पैरों पर खड़ा हो गया। सच में, परमेश्वर ने अपने वफादार सेवक, एलीशा के माध्यम से अपनी सबसे बड़ी ताकत दिखा दी थी।

17

एलीशा, चमत्कारों वाला आदमी

बाइबिल से, परमेश्वर के वाणी में कहानी

में पाया गया

2 राजा 2-13

“जो आपके जीवन में प्रकाश देता है।”
प्लाज्म 119:130

18



25

60

19

बाइबल की यह कहानी हमें अपने उस अद्भुत परमेश्वर के बारे में बतलाती है जिसने हमें बनाया और जो चाहता है कि आप उसे जानें।

परमेश्वर जानता है कि हमने ऐसे गुनाह किए हैं जिन्हें वह पाप मानता है। पाप की सज़ा मौत है किंतु परमेश्वर आपसे इतना प्रेम करता है कि उसने अपने एकमात्र पुत्र यीशु को इस दुनिया में भेजा ताकि वह सूली (क्रॉस) पर चढ़कर आपके पापों की सजा भुगते। यीशु मरने के बाद पुन: जीवित हुआ और स्वर्ग में अपने घर चला गया। यदि आप यीशु में विश्वास करते है और उससे अपने पापों की क्षमा मांगते हैं तो वह अपकी प्रार्थना सुनेगा। वह अभी आकर आपके अंदर बसेगा और आप हमेशा ही उसके साथ बने रहेंगे।

यदि आपको विश्वास है कि यह सब कुछ सच है, तो परमेश्वर से कहें: प्रिय यीशु, मुझे विश्वास है कि तू ही परमेश्वर है और मनुष्य के रूप में अवतरित हुआ ताकि मेरे पापों की वजह से। मौत की सजा भुगत सके और अब तू पुन: जीवित हुआ है। कृपया मेरी ज़िंदगी में आकर मेरे पापों को क्षमा कर, ताकि मुझे एक नया जीवन मिले और एक दिन में हमेशा हमेशा के लिए तेरे साथ हो लूं। हे यीशु, मेरी मदद कर ताकि मैं तेरी हर आज्ञा का पालन कर सकूं और तेरी संतान के रूप में तेरे लिए जी सकूं। आमीन।

बाइबल पढ़ें और प्रतिदिन ईश्वर से बात करें! जॉन 3:16

20